## कड़ाके की ठंड के बीच तापमान में उछाल आने से कुछ राहत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 दिसम्बर, तीन दिन तक पड़ी कड़ाके की ठंड के बाद दो दिन से राहत है. तापमान में उछाल आने से ठंड का असर कम हुआ है. दिन का अधिकतम तापमान सामान्य 1 डिग्री कम है. जबकि न्यूनतम तापमान रात का 7.5 डिग्री दो दिन से बना हुआ है, लिहाजा रात की ठंड कम है.**

अगले सप्ताह से एक बार फिर शीत लहर के साथ कड़ाके की ठंड दस्तेक देगी. अभी ढ़ाई डिग्री तापमान में उछाल आया है. वही हवा की गति भी चार किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है. गौरतलब है कि पिछले तीन दिन पूर्व तापमान में 4 डिग्री की गिरावट आई थी, जिसके चलते ठंड बढ़ गई थी. सोमवार से तापमान उछाल पर है और ठंड से कुछ हद तक राहत है. दिन भर अच्छी धूप लिखी रहती है, लेकिन ठंड हवाएं चलने के कारण दिन में भी ठंड का असर बना रहता है. खेती के लिहाज से ठंड बेहद लाभ दायक है. इस सीजन में सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री तक गया था. उम्मीद है कि अगले सप्ताह से तापमान और नीचे 3 डिग्री तक पहुंच सकता है. नवम्बर से ही इस बार ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था. दिसम्बर और जनवरी में गलन भरी ठंड पड़ती है, मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अगले सप्ताह से गलन भरी ठंड तेज होगी. उत्तर भारत में जब बर्फबारी होती है तो विंध्य में गलन भरी ठंड बढ़ जाती है. इस बार ठंड प्रदेश में वर्षो से पूर्व के रिकार्ड तोड़ दिये है. विंध्य में दिसम्बर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है पर नवम्बर में ही हाड कपाने वाली ठंड शुरू हो गईथी. दो दिन से राहत है लेकिन अगले सप्ताह से फिर तापमान में गिरावट आएगी.

### नगर निगम जला रहा अलाव

नवम्बर से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच नगर निगम द्वारा प्रमुख सार्वजनिक स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की गई है. इसके अलावा खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगो को आश्रय स्थल पर पहुंचाया जा रहा है. दो आश्रय स्थल शहर में है. इसके अलावा 16 स्थानो पर प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था कर राहगीरो, यात्रियो को ठंड से राहत दी जा रही है. सांई मंदिर परिसर, मनकामेश्वर मंदिर, दोनो बस स्टैण्ड एवं संजय गांधी अस्पताल के मुख्य द्वार सहित अन्य मुख्य स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की गई है जहा भीड़ ज्यादा रहती है. हालाकि दो दिन से ठंड का असर कम है.

# विद्युत तार व अन्य सामग्री चोरी करने वाला अन्तर्राज्यीय गिरोह का खुलासा

### दो वर्ष में 60 से अधिक की चोरी, 17 आरोपी किये गये गिरफ्तार, 150 कैमरे खंगाले पुलिस ने




नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 दिसम्बर, रीवा जिले में विगत दो वर्षो से विद्युत तार एवं अन्य सामग्री की चोरी करने वाले अर्न्तराज्यीय गिरोह को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है. गिरोह द्वारा 60 से अधिक चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है. विद्युत तार सहित अन्य सामग्री जप्त करते हुए 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.**

आरोपियो तक पहुंचने के लिये पुलिस ने 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तब जाकर अर्न्तराज्यीय गिरोह तक पहुंच पाई. पूरे मामले का रीवा एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कंट्रोल रूम में खुलासा किया. लगभग 50 लाख कीमत का माल बरामद किया गया है. खुलासा करते हुए एसपी ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना अन्तर्गत विद्युत तार एवं सोलर पावर प्लांट में केबल एवं कापर तार चोरी की घटनाएं लगातार हो रही थी. जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीम गठित कर जांच शुरू की गई. सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई जिसमें कई सुराग मिले और आरोपियों तक पुलिस पहुंच पाई. दूसरी घटना में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. सोलर पावर प्लांट में केबल एवं कापर तार चोरी करने वाले आरोपियों के कब्जे से माल बरामद किया गया है. आरोपियो ने बताया कि पहले घांस काटने के लिये सोलर पावर प्लांट जाते थे और छोटे मोटे तार की चोरी करके बेचते थे. जब फायदा हुआ तो आरोपी बड़े स्तर पर कापर तार चोरी करने लगे. पुलिस काफी दिनो से इन आरोपियों की तलाश कर रही थी जिन्हे पकड़ने में सफलता मिली है. तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये है.

**दोनो घटनाओं में कुल जप्त सामग्री** - 05 क्विंटल एल्युमीनियम तार कीमती लगभग 1.5 लाख रूपए, 2.5 क्विंटल कॉपर स्ट्रिंग वायर कीमती लगभग 3.5 लाख रूपए एवं तीन वाहन जप्त किये है और वारदात में प्रयुक्त उपकरण भी जप्त किये गये है. आरोपियों को पकड़ने में गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव, गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर आदि की अहम भूमिका रही.

### रीवा सहित अन्य जिलों में सक्रिय था गिरोह

पहले छोटी चोरी की तो फायदा मिला, जिसके बाद बड़ी चोरी करने लगे. आरोपियों से पूंछताछ में पता चला कि आरोपी पूर्व में बिजली विभाग के ठेकेदारो से जुड़े थे तभी उन्हे लगा कि विद्युत तार चोरी करके बेचने पर अच्छा फायदा होता है. इसके बाद से चोरी की वारदात करने लगे. साथ ही चोरी में उपयोग होने वाले वाहनो को भी खरीदा. आरोपी तार चोरी करने के बाद बड़े कबाड़ियो से सम्पर्क करते थे और उनको माल बेचते थे. यह पूरा गिरोह रीवा, सतना, सीधी, कटनी और पन्ना आदि जिलो

### रीवा सहित कई जिलों में सक्रिय था गिरोह :चौहान

रीवा पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि विद्युत तार चोरी की घटना को गंभीरता से लिया गया और पुलिस की अलग-अलग टीम गठित की गई. विभिन्न स्तर पर जांच करते हुए 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाली गई. साथ ही साइबर सेल की मदद ली गई. 17 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से लगभग 50 लाख का माल बरामद हुआ है. यह गिरोह रीवा सहित अन्य जिलो में सक्रिय था. एक बड़ी सफलता पुलिस को मिली है.

### चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरफ्तार किए गए आरोपी

पुलिस ने अर्न्तराज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है. जिसमे श्यामजी कुशवाहा उम्र 32 वर्ष निवासी सिलपरा पावर हाउस के पास थाना विछिया जिला रीवा, नीरज कुशवाहा उर्फ मोनू उम्र 22 वर्ष निवासी बीड़ा बस स्टैण्ड के पास वार्ड क्र. 01 थाना सेमरिया, राखेन्द्र बहेलिया उर्फ ठाकुर उम्र 19 वर्ष निवासी नकटी टोला टीकर थाना गोविन्दगढ, अजय कुमार पटेल उर्फ अज्जू उम्र 24 वर्ष निवासी सिलपरी (महुआ) थाना मनगवा, शैलेन्द्र कुशवाहा उर्फ शैलू उम्र 23 वर्ष निवासी बीड़ा बस स्टैण्ड के पास वार्ड क्र. 01 थाना सेमरिया, प्रकाश कुशवाहा उर्फ गुड्डा उम्र 32 वर्ष निवासी लखौरीबाग वार्ड रेल्वे पुल के पास वार्ड क्र.01 थाना सिटी कोतवाली, राकेश कुमार पटेल उर्फ बड़कू उम्र 24 वर्ष निवासी गुढवा वार्ड क्रमाक 14 थाना गुढ, राजीव सोधिया उर्फ राजू उम्र 32 वर्ष निवासी रमकुईथाना चोरहटा, संदीप शुक्ला उम्र 43 वर्ष निवासी जेरुका थाना चोरहटा, महेश प्रसाद पाण्डेय उर्फ राजा उम्र 37 वर्ष निवासी खौर थाना बिछिया, सन्तोष कुमार पटेल उम्र 45 वर्ष निवासी तमरादेश थाना गुढ़, आकिल मलिक उम्र 27 वर्ष निवासी चितौड़ा मस्जिद के पास थाना जानसठ जिला मुजफ्फर नगर उ.प्र. हाल अहमद नगर कटनी, आमिर मलिक उम्र 27 वर्ष निवासी चितौड़ा मस्जिद के पास थाना जानसठ जिला मुजफ्फर नगर उ.प्र. हाल अमहिया बेंकटेस मंदिर के पास थाना अमहिया, आसिक बंसल उम्र 18 वर्ष निवासी गुढ चौराहा थाना सिटी कोतवाली रीवा, कृष्णा लोनिया उम्र 23 वर्ष निवासी शारदा पटना, थाना रामपुर नैकिन बघबार जिला सीधी, त्रिवेणी लोनिया उम्र 45 वर्ष निवासी शारदा पटना, थाना रामपुर नैकिन बघबार जिला सीधी, विपिन पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी झांझ थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी शामिल है.

## संक्षिप्त



### महारैली में शामिल होने जाएगे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता

**रीवा,** युवा कांग्रेस रीवा के जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चन्देल ने बताया कि भारतीय युवक कांग्रेस के सचिव एवं मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के सह-प्रभारी रूपेश सिंह भदौरिया एक दिवसीय रीवा दौरे पर पहुँचे. ज्ञात हो कि युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव के बाद पहली बार युवा कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली ''वोट चोर गद्दी छोड़'' महा रैली में ज़्यादा से ज़्यादा युवाओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए. बैठक में मौजूद युवाओं ने एक स्वर में ''वोट चोर गद्दी छोड़'' कार्यक्रम में शामिल होकर भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलित होने का संकल्प लिया गया. युवा कांग्रेस रीवा के जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चन्देल ने कहा कि सभी को साथ लेकर जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार को जगाने के लिए सड़क पर उतरकर कार्य किया जाएगा और युवाओं के हक व अधिकारों के लिए वैधानिक तरीक़े से संघर्ष किया जाएगा. इस अवसर पर रीवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, अभियान शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह, अंकित सिंह, जिला महासचिव नीरज यादव, शिवेन्दु गुप्ता, राघवेन्द्र सिंह, शुभम प्रसाद कुशवाहा, रीवा विधानसभा अध्यक्ष रोहन जॉन उपस्थित रहे.

### उप मुख्यमंत्री ने दी 3 .60 करोड़ रूपए की स्वीकृति

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में शेड निर्माण कार्य के लिए विधायक निधि से 3 .60 करोड़ रूपये प्रदान करने की स्वीकृति दी है. उन्होंने कलेक्टर रीवा को तदनुसार आवश्यक प्रकलन तैयार कर शासन स्वीकृति हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं.

### खनि रियायत संबंधी बैठक आज

**रीवा,** खनि रियायत संबंध बैठक 11 दिसम्बर को आयोजित बैठक में परिवर्तन किया गया है. अब यह बैठक 10 दिसम्बर को दोपहर एक बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की जा रही है. बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद वन सीमा से 250 मीटर की परिधि में आने वाली जमीनों में उत्खनन संबंधी प्रस्तावों की समीक्षा करेंगे. संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### कमिश्नर आज करेंगे रेल परियोजना की समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 10 दिसम्बर को संभाग के सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली में जारी ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के कार्यों की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11 .30 बजे आरंभ होगी। बैठक में संबंधित जिलों के कलेक्टर तथा रेलवे के अधिकारी एवं इंजीनियर शामिल होंगे.

### कलेक्टर कल करेंगी आजीविका मिशन की समीक्षा

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगी. बैठक में आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत महिला स्वसहायता समूहों के कार्यों, ऋण वितरण की समीक्षा की जाएगी. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

### वनाधिकार समिति की बैठक 12 को

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित की जा रही है. बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे आरंभ होगी. बैठक में वनाधिकार अधिनियम के तहत अमान्य दावों तथा नए दर्ज प्रकरणों पर विचार किया जाएगा. सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

## जनसुनवाई में पहुंचे जमीन और बिजली से जुड़े मामले



नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 दिसम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 67 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये.**

उन्होंने मनगवां निवासी बृजमोहन पाण्डेय के अवरूद्ध रास्ता खोले जाने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे मौके पर जाकर प्रकरण का निराकरण करने के लिये निर्देशित किया. बरहा टोला के निवासियों द्वारा बाणसागर की माइनर नहर से खेतों तक पानी न पहुंचने की शिकायत पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर नाली सुधार कार्य कराने के निर्देश दिये. इसी प्रकार विमला शुक्ला, बैजनाथ साकेत तथा दीपक मिश्रा के बिजली बिलों में सुधार के आवेदनों पर विद्युत मंडल के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये गये. शिवबहोर मिश्रा दुवगवां के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से खाद्यान्न दिलाने के आवेदन पर खाद्य विभाग को, विजयकृष्ण चौरसिया के दिव्यांग पुत्र को पेंशन स्वीकृत करने के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यवाही के निर्देश दिये.

## चेम्बर आवंटन नीति के विरूद्ध लामबंद अधिवक्ता, लोक अदालत से रहेंगे पृथक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 दिसम्बर, अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मण्डल प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश रीवा को मुख्य न्यायाधीश जबलपुर के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया.**

अपनी मांगो को लेकर अधिवक्ता आगामी 13 दिसम्बर की लोक अदालत से पृथक रहेगे. ज्ञापन में मांग की गई कि पुराने न्यायालय भवन के समीप अधिवक्ता स्वपूजी से निर्मित अधिवक्ता कक्ष को नये अधिवक्ता कक्ष में प्राथमिकता नही है जो दी जाय अन्यथा अधिवक्ता कक्ष मिलने की गारंटी न होने पर कोई भी अधिवक्ता अपने पुराने अधिवक्ता कक्ष को सरेंडर कैसे करेगा. अत: आवंटन नीति में इस संबंध में सुधार किया जाय और पुराने अधिवक्ता कक्ष धारको को नये अधिवक्ता कक्ष में प्राथमिकता दी जाय. नई आवंटन नीति के अनुसार किसी अधिवक्ता के विरूद्ध कोई भी आपराधिक प्रकरण लंबित रहने पर अधिवक्ता कक्ष प्राप्त करने का पात्र नही माना जायेगा यह मौलिक अधिकारो के अनुच्छेद 19 का स्पष्ट उलंघन है.

संसार में जब तक कोई व्यक्ति न्यायालय द्वारा अपराधी घोषित न कर दिया जाय तब तक वह अपराधी नही माना जा सकता है. अत: नई आवंटन नीति से यह प्रावधान हटाया जाय. ज्ञापन देने में राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य शिवेन्द्र उपाध्याय, अखंड प्रताप सिंह, संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, तरूणेन्द्र सिंह, संजीव पाण्डेय, दिनेश सेन, राममणि मिश्रा, अभिषेक तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्रा, रमाशंकर तिवारी आदि मौजूद रहे.

### रोजगार मेला संभागीय आईटीआई में 17 को

**रीवा, 9 दिसम्बर,** युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं. रोजगार मेले में 32 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, आई. टी. आई, डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बीई मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल उतीर्ण युवा जिन्हें अलग-अलग कंपनियों में वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन हो.

## शिविर में 234 मरीजों की जांच, 22 को मिले आयुष्मान कार्ड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 दिसम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशों के अनुसार रीवा नगर निगम के विभिन्न वार्डों में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिक में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं.**

इस क्रम में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रतहरा में आयोजित शिविर में 234 रोगियों की जाँच की गई. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई. शिविर में 22 पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरित किए गए. शिविर में 20 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया तथा 61 रोगियों को एनसीडी कार्यक्रम के तहत सेवाएं दी गई. शिविर में 9 गर्भवती महिलाओं की जाँच तथा 30 संभावित क्षय रोगियों की भी जाँच की गई. शिविर में सिकल सेल एनीमिया की जाँच के लिए 8 रोगियों से नमूने लिए गए. इसके साथ-साथ संभावित क्षय रोगियों, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, कैंसर तथा अन्य रोगों से पीड़ितों की भी नि:शुल्क जाँच की गई. शिविर में रोगियों को स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा सेवाओं की जानकारी दी गई. शिविर में नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र डॉ केबी गौतम मौजूद आदि रहे.

### एक साल तक थाने में हाजिरी के आदेश

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने आदतन अपराधी अभय मिश्रा को एक साल तक प्रत्येक 15 दिन में तक थाना शाहपुर में हाजिरी देने के आदेश दिए हैं. आदतन अपराधी अभय मिश्रा पिता सत्यप्रकाश मिश्रा आयु 21 वर्ष निवासी धरमपुरा के विरूद्ध थाना शाहपुर में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. इस संबंध में आवेदक को नोटिस दिया गया था. नोटिस की सुनवाई के बाद उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की गई है.

## सड़क पटरी तक फैले अस्थाई अतिक्रमण को नगर निगम ने हटाया



नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 दिसम्बर, शहर के मुख्य बाजार की सड़को पर दुकानारो ने अतिक्रमण कर रखा है. शिल्पी प्लाजा की गैलरी में भी सामान रखकर अतिक्रमण किया गया है. नगर निगम द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई और दुकानदारो को हिदायत भी दी गई है.**

शहर में जानकी पार्क के पास किये गए अतिक्रमण को हटाया गया साथ ही चबूतरा बनाकर लगाई गई दुकान को हटाते हुये चबूतरा तोड़ने की कार्रवाई की गई. इसी प्रकार नीम चौराहा रोड पटरी में अस्थाई अतिक्रमण कर दुकान लगाई गई थी जिसे तत्काल हटाया गया. साथ ही ठेला, गुमटी दुकानदारो द्वारा सुभाष तिराहा एवं पीटीएस चौराहा, बाणसागर तिराहा से रीवा हॉस्पिटल के सामने तक तथा सतनाम पेट्रोल पंप के सामने अस्थाई अतिक्रमण कर आवागवन अवरूद्ध किया जा रहा था जिस पर कार्रवाई करते हुए दोनों तरफ रोड पटरी खाली कराई गई साथ ही समझाइस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर जप्ती की कार्रवाई की जावेगी. जय स्तंभ से धोबिया टंकी तक किए गए अतिक्रमण को हटाकर हिदायत दी गई.

### संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर आज

**रीवा, 9 दिसम्बर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं. संजीवनी क्लीनिक यूनिवर्सिटी कैम्पस में 10 दिसम्बर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा. शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे. कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं.



## संजय गांधी अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी बैठे धरने पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 दिसम्बर, संजय गांधी एवं गांधी मेमोरियल अस्पताल में सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है. एक ओर जहा स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है.**

वही दूसरी तरफ आउटसोर्स कर्मचारी भी अपनी वेतन को लेकर आये दिन धरना प्रदर्शन कर रहे है. मंगलवार को आउटसोर्स कर्मचारियों ने गांधी मेमोरियल अस्पताल के अधीक्षक डा. राहुल मिश्रा के कक्ष के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया. जिसमें वार्ड ब्वाय, सफाईकर्मी, सुरक्षा गार्ड आदि शामिल रहे. कई घंटे तक काम बंद करके आउटसोर्स कर्मचारी धरने पर बैठे रहे. उनका कहना है कि न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न ही एरियर्स का भुगतान किया गया. इसके अलावा राष्ट्रीय छुट्टी का जो पैसा मनमानी तरीके से काटा गया है वह भी नही दिया जा रहा है. कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार एजाइल कम्पनी ऐसा क्यो कर रही है. कर्मचारियों ने मनमानी करने का आरोप लगाया और अधीक्षक से मिलकर मानदेय वेतन दिलाने की गुहार लगाई. विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को अधीक्षक राहुल मिश्रा ने समझाइश दी, तब जाकर किसी तरह मामला शांत हुआ. कर्मचारियों का आरोप है कि श्रम कानूनो का पालन कम्पनी नही कर रही है. अधीक्षक राहुल मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों की समस्या सुनी गई है. मानदेय सहित काटे गये पैसे की शिकायत है, कम्पनी से बात की जा रही है.